चुनाव मोबाइल ऐप

चर्चा में क्यों?

29 जून, 2022 को मध्य प्रदेश नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष-2022 के लिये मतदाता एवं अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 'चुनाव' मोबाइल ऐप (एंड्राइड आधारित) को अद्यतन (updation) किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इस ऐप के माध्यम से चुनाव संबंधी जानकारियाँ प्राप्त की जा सकती हैं।
- राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह ने जानकारी दी कि 'चुनाव' ऐप में मतदाता की जानकारी, महापौर, पार्षद, ज़िला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत सदस्य पद के अभ्यर्थी की जानकारी मय शपथ-पत्र के सार-पत्र अनुसार उपलब्ध है।
- इस ऐप में महापौर, पार्षद, ज़िला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणाम भी मिलेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/election-mobile-app